Title: Need to set up Power Grid Stations in Sahebganj and Pakud Districts of Jharkhand.

श्री हेमलाल मुर्मू (राजमहल): उपाध्यक्ष महोदय, राज्य के अन्तर्गत साहेबगंज एवं पाकुड़ जिला में पावर ग्रिड नहीं रहने के कारण वहां पर ग्रामीण विद्युतीकरण का कार्य नहीं हो पा रहा है, जिसके फलस्वरूप ग्रामीण क्षेत्रों में लघु एवं कुटीर उद्योग नहीं लग पा रहे हैं, जबकि वहां के राजमहल कोयला परियोजना से फरक्का एवं कहलगांव ताप विद्युत गृह को कोयले की आपूर्ति होती है। इस क्षेत्र में 88 किलोमीटर की रेलवे लाइन सिर्फ ताप विद्युत गृह को कोयले की आपूर्ति हेत बनाई गई है। वहां की जनता की जमीन तो इस रेलवे लाइन् हेतु ले ली गई है, पर उन्हें बिजली के संकट से मुक्ति नहीं मिली। वहां पर चल रहे पत्थर उद्योगों को भी बिजली नहीं रहने की वजह से घाटे में चलना पड़ रहा है। इन जिलों की मिट्टी काफी उपजाऊ दोमट मिट्टी है, पर बिजली के अभाव में पटवन का उचित प्रबन्ध नहीं होने से कृषि कार्य बाधित हो रहा है। बिजली के अभाव में इस क्षेत्र के निवासियों का लगातार होता हुआ पलायन रोकने के लिए जनहित में इस क्षेत्र में पावर ग्रिड की स्थापना नितान्त आवश्यक है।

अतः मेरा सादर अनुरोध है कि साहेबगंज एवं पाकुड़ जिलों में पावर ग्रिड की स्थापना अविलम्ब की जाए।